# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

अफवान खाँ

(ऑडिशन टाइम्स)
**शाहजहाँपुर।** कोविड-19 के दृष्टिगत में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वार कोविड-19 एवं अन्य संचारी रोगो की रोकथाम के दृष्टिगत नगर में संपादित किये जा रहे कार्यों के संबन्ध में नगर निगम के अधिकारियो एवं कर्मचारियों के साथ वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक की गई। वर्चुअल बैठक में में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नगर में संपादित किये जा रहे कार्यों जैसे- विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन की कार्यवाही, ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर में शुद्ध पेयजलापूर्ति एव नाला- नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था, मोहल्ला निगरानी समिति की गतिविधियों व नगर क्षेत्र में बने स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन इत्यादि के संबन्ध में चर्चा की गई। वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अवगत्त










कराया गया कि नगर में आमजन को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु नगर में नियमित्त रुप से चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव व विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही कोविड-19 के दृष्टिगत व बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने नालों की हो रही सफाई के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही अवगत कराया गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाई गई मोहल्ला निगरानी समिति के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों पर निगरानी रखने व बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों की जाँच की जाती है व जिनमें कोविड-19 के लक्षण पाये जाते हैं, उनको उपलब्ध कराई गई किटों को वितरित कर दिया जाता है। बैठक में यह भी अचगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में बने स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार व सोमवार को सेनेटाइजेशन व साफ-सफाई का कार्य कराया जाता है। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा नगर के कार्यों को संतोषजनक पाया गया व नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की गई। साथ ही कर्चुअल बैठक के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि कोविड-19 के दृष्टिगत्त रखते हुये किसी भी कार्य में लापरवाही न बरती जायें। वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि अपने क्षेत्र की पी.एच सी. व सी.एच सी. को गोद लेने व उसकी व्यवस्था अपनी देखरेख में दुरस्त रखे। इसी प्रकार प्रत्येक गाये गोद लेने व उनकी देखमाल के लिये भी कहा गया। वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मिम भारती, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, लेखाधिकारी सीमी मौर्य, निर्धारण अधिकारी भुपेन्द्र सिंह विषेन,अधीक्षक रामसेवक राम, डी पीएम सैफ सिद्की समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक उपस्थित रहे।